# सफलता की कहानी

डा.नितिन मोहन गुप्ता प्रशिक्षण एवं पशु चिकित्सक 8214 3499 1271 vetnitin@gmail.com

नाम :–अशोक सिंह बघेल

ग्राम :–मामोनी खुर्द, तहसील–पिछोर

जिलाः– शिवपुरी म0प्र0

श्री अशोक सिंह बघेल शिवपुरी जिले की पिछोर तहसील के एक छोटे से गॉव मामोनी खुर्द के निवासी हैं। श्री अशोक सिंह कुल 72 भेडों के साथ परंपरागत रूप से भेड़ पालन का कार्य करते थे, परंतु भेड़ पालन की वैज्ञानिक एवं तकनिकी जानकारी के अभाव होने से उनकी भेड़ मर जाती थी एवं नुकसान होने से भेड पालन कार्य को छोडने का मन बनाने लगे। एक दिन गॉव में जागरूकता शिविर के दौरान डा. नितिन मोहन गुप्ता (प्रभारी भेड़ प्रजनन प्रक्षेत्र पडौरा शिवपुरी) ने भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान शिवपुरी द्वारा निःशुल्क एवं आवासीय भेड़ पालन प्रशिक्षण के बारें में जानकारी दी तथा प्रशिक्षण हेतु सहमति प्राप्त कर आवेदन भरवाये। उसके बाद श्री अशोक सिंह ने भी अपना आवेदन जमा कर भेड़ पालन प्रशिक्षण में शामिल हुए। इस 10 दिवसीय भेड़ पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री अशोक सिंह ने पूरी लगन से प्रशिक्षण प्राप्त किया एवं डा. नितिन मोहन गुप्ता ने प्रशिक्षण के दौरान विस्तृत रूप से भेड़ो में होने वाली बीमारी तथा उनसे बचाव और टीकाकरण के बारे में जानकारी प्राप्त प्रदान की। प्रशिक्षण में ही उनको यह भी बताया गया की भेड़ो को हमेशा अच्छी नस्ल के मेढों से ही क्रास करवाना चाहीये और प्रत्येक 2 या 3 साल के अंतराल से

मेढों  को बदलते रहना चाहीये। ऐसा करने से भेडों की आने वाली संतति में नस्ल सुधार और अधिक ऊन प्राप्त की जा सकती है।

प्रशिक्षण के बाद श्री अशोक सिंह ने समयानुसार बीमारी से बचाव हेतु लगाए जाने वाले टीका तथा अन्य दवाईयों का उपयोग कर तथा उनकी रख रखाव में सुधार कर बीमारी /मरने से बचाया है साथ ही भेडों में जब भी कीसी बीमारी के लक्षण दिखते ही डा.नितिन मोहन गुप्ता से तुरंत संपर्क कर इलाज करते है। इस प्रशिक्षण एवं पशु चिकित्सक से सतत संपर्क में रहने से, नस्ल सुधार एवं भेडों में मृत्यु दर कम हो जाने से श्री अशोक सिंह के पास आज लगभग 150 स्वस्थ भेड़ें हैं। श्री अशोक सिंह को केन्द्रीय सहायता के तहत नस्ल सुधार एवं भेड़ो के प्रजनन हेतु उन्नत नस्ल के मेढ़े भी प्रदान किए गए है, जिससे आने वाली संतति में अच्छी ऊन, ज्यादा वजन एवं कम मृत्यु दर के मेमने उत्पन्न हुये है। इस प्रकार से श्री अशोक सिंह कम लागत में अधिक मुनाफा प्राप्त कर अन्य लोगों को भेड पालन कार्य के लिये प्रेरित कर रहे हैं।



श्री अशोक सिंह बघेल अपनी भेडों के साथ